प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित– कोटा और बूंदी जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- नई दिल्ली के एम्स अस्पताल की तर्ज पर प्रदेश में पीजी स्तर का चिकित्सा संस्थान रिम्स बनाया जायेगा।
- गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दो दिन के अखिल भारतीय विधानसभा अध्यक्ष सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- जैसलमेर में लोक देवता बाबा रामदेव का वार्षिक भादवा मेला कल से शुरू होगा।

000000

प्रदेशभर में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अलवर, बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर, करौली और दौसा सहित कई जिलों के निचले इलाकों में जलभराव, मकानों के गिरने और कुछ स्थानों से पुल टूटने के भी समाचार हैं। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना प्रभावित क्षेत्रों में राहत–बचाव कार्य में जुटी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से लोगों से रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में एक–दो दिन नहीं जाने की अपील की जा रही है।

......

अलवर के रामगढ़ में कल भारी बारिश से एक मकान ढह गया। करौली के बुगड़ार गांव में पुलिया पार करते समय एक युवक तेज बहाव में बह गया। ग्रामीण और राहत दल उसकी तलाश में जुटे हैं। जिले के सपोटरा और अमरवाड़ में तीन मकान बारिश की मार से ढह गए। कालीसिल बांध खतरे के स्तर से ऊपर बह रहा है। नदियों के उफान पर होने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। टोंक के देवली में जयपुर–कोटा हाईवे पर पानी भर गया, जिससे आवाजाही ठप हो गई। धौलपुर में भी चम्बल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बांसवाडा में बारिश का दौर अभी भी बना हुआ है। माही डेम के चार गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। भरतपुर में गम्भीरी नदी में पानी की आवक बढने से प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। नागोर और सिरोही में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में कल से लगातार बारिश हो रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और संबंधित विभागों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इधर आमेर महल जाने वाले रास्ते में दिल आराम बाग की दीवार गिर गई। प्रशासन ने रास्तों में फिसलन बढने की वजह से पर्यटकों और हाथियों की सुरक्षा के मद्देनजर हाथी सवारी पर रोक लगा दी है। मौसम विभाग ने आज कोटा और बूंदी जिलों में अत्याधिक तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, नागौर, टोंक, पाली, अजमेर, भीलवाड़ा, बारां और झालावाड़ जिलों में ऑरेंज अलर्ट तथा शेष जिलों में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

......

00000

नयी दिल्ली के एम्स अस्पताल की तर्ज़ पर प्रदेश में पीजी स्तर का चिकित्सा संस्थान रिम्स बनाया जाएगा। कल जयपुर में हुई मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई राज्यमंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया। बैठक में इसकी स्थापना के विधेयक के प्रारूप पर सहमती बन गयी है। इस केबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई फैसले लिए गए।

.....

00000

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज बालोतरा दौरे पर रहंगे। वे पचपदरा रिफाइनरी का निरीक्षण करेंगे और प्रगति कार्यो की समीक्षा करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

0000

गृह मंत्री अमित शाह आज दिल्ली विधानसभा में दो दिन के अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें 29 राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और छह राज्यों की विधान परिषदों के सभापति और उपसभापति भाग लेंगे। देश के पहले निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में विट्ठलभाई पटेल द्वारा, केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान श्री पटेल के जीवन, संसदीय योगदान और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर आधारित एक प्रदर्शनी, विशेष वृत्तचित्र और एक स्मारक डाक टिकट जारी किया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला करेंगे।

00000

.जयपुर स्थित जंतर मंतर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। पहली बार हुए इस आयोजन का उद्देश्य एस्ट्रो टूरिज्म के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाना है। पर्यटन विभाग और स्पेस इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह आयोजन वैज्ञानिक उपलब्धियों का ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध परंपरा और गहन खगोल ज्ञान को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने इसरो के द्वारा लगाई गई अंतरिक्ष उपलब्धियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्पेस इंडिया के संस्थापक और सीएमडी डॉक्टर सचिन भाभा ने बताया कि इस आयोजन में पहली बार जंतर मंतर के प्राचीन यंत्रों का उपयोग लाइव खगोलीय अवलोकन के लिए किया गया है। इस बीच आज नई दिल्ली में गगनयान मिशन के तहत भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अभियान के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप को सम्मानित किया जाएगा। इन्होंने भारत के गगनयान मिशन के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। वायु सेना प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

0000

जैसलमेर में लोकदेवता बाबा रामदेव जी का वार्षिक भादवा मेला कल से शुरू होगा। भादवा शुक्ला द्वितीया बाबा रामदेव जी के अवतरण की तिथि है। इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किये है।

.....

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर फिट इंडिया अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अलवर में आज संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस लाईन में योग से शुरू हुई साईकिलिंग यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस पुलिस लाईन पर समाप्त हुई। जैसलमेर में पुलिस लाईन मैदान में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नियमित योग करने की अपील के साथ साईकिल रैली निकालकर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। करौली में इस अभियान के जरिये बेहतर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000